**Series HMJ/C** **SET-2**

कोड नं.
Code No. **59/C/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **19** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है —* ***क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***20*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य परन्तु 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***23*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***27*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* ***28*** *से* ***30*** *तक दो प्रश्न अवतरण पर तथा एक प्रश्न चित्र अथवा कार्टून पर आधारित है, प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*प्रश्न संख्या* ***31*** *मानचित्र से संबंधित है जिसमें महत्त्वपूर्ण स्थानों की पहचान दी गई जानकारी के आधार पर ही की जानी है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या* ***32*** *से* ***34*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले एक प्रश्न में, चार-चार अंकों वाले एक प्रश्न में तथा छः-छः अंकों वाले तीन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** एशिया में संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा बनाए गए किन्हीं दो गठबंधनों के नाम लिखिए । $2 \times \frac{1}{2} = 1$

**अथवा**

यू.एस.एस.आर. तथा सी.आई.एस. के विस्तृत रूप लिखिए । $2 \times \frac{1}{2} = 1$



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

(i) *Question paper comprises* ***five*** *Sections —* ***A***, ***B***, ***C***, ***D*** *and* ***E***. ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) ***Section A*** *– Question nos.* ***1*** *to* ***20*** *are very short-answer type questions, carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in one word or one sentence each, but not exceeding 20 words.*

(iii) ***Section B*** *– Question nos.* ***21*** *to* ***23*** *are short-answer type questions, carrying* ***2*** *marks each. Answers to them should not exceed 40 words each.*

(iv) ***Section C*** *– Question nos.* ***24*** *to* ***27*** *are long-answer type questions, carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should not exceed 100 words each.*

(v) ***Section D*** *– Question nos.* ***28*** *to* ***30*** *are two passage based questions and one picture OR cartoon based question, carrying* ***5*** *marks each. Answers to them should not exceed 150 words each.*

*Question no.* ***31*** *is a map based question that includes identification of important places on the basis of given information. Write its answers in your answer-book.*

(vi) ***Section E*** *– Question nos.* ***32*** *to* ***34*** *are long-answer type questions, carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should not exceed 150 words each.*

(vii) *Answers should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*

(viii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in 1 question of one mark, 1 question of four marks and 3 questions of six marks. Only one of the choices in such questions is to be attempted.*

(ix) *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

**1.** Name any two alliances made by USA in Asia. $2\times\frac{1}{2}=1$

**OR**

Write the full forms of USSR and CIS. $2\times\frac{1}{2}=1$



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**2.** 1987 में, भारत ने अपनी शान्ति सेना (आई.पी.के.एफ.) को श्रीलंका में क्यों भेजा था ? *1*

**3.** चीन में कृषि के निजीकरण का क्या प्रभाव पड़ा ? *1*

(A) ग्रामीण उद्योगों की गति धीमी पड़ गई ।

(B) व्यक्तिगत बचत में कमी आने लगी ।

(C) ग्रामीण आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई ।

(D) विदेश-व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई ।

**4.** वैश्विक अर्थव्यवस्था के संदर्भ में सार्वजनिक वस्तुओं के कोई दो उदाहरण दीजिए । $2\times\frac{1}{2}=1$

**5.** उस देश की पहचान कीजिए जो न तो नाटो का सदस्य था और न ही वारसा पैक्ट का । *1*

(A) फ्रांस

(B) पोलैण्ड

(C) स्वीडन

(D) स्पेन

**6.** निम्नलिखित वाक्य को अर्थपूर्ण बनाने के लिए पूरा कीजिए :

"पूर्वी यूरोप में, चेकोस्लोवाकिया शान्तिपूर्वक ढंग से दो स्वतंत्र देशों में बँट गया जिन्हें __________ और __________ कहा जाता है ।" $2\times\frac{1}{2}=1$

**7.** 'वारसा पैक्ट' को 'पूर्वी गठबंधन' भी क्यों कहा जाता है ? *1*

**8.** 'शक्ति संतुलन' बनाए रखने के लिए आर्थिक तथा प्रौद्योगिकी की शक्ति के अतिरिक्त, कौन-सी अन्य शक्ति अधिक महत्त्वपूर्ण है ? *1*

**9.** फरवरी, 1967 में हुए लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं के आम चुनावों के परिणामों ने, काँग्रेस पार्टी को गहरा धक्का पहुँचाया । 'राजनीतिक भूकंप' कहे जाने वाले इस धक्के के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारक का विश्लेषण कीजिए । *1*

**10.** अगस्त 1971 में, भारत और सोवियत संघ के बीच हस्ताक्षरित 'शांति और मित्रता की 20-वर्षीय संधि' के मुख्य उद्देश्य को उजागर कीजिए । *1*

**11.** भारत की किस देसी रियासत के अर्द्ध-सैनिक बल को 'रज़ाकार' कहा जाता था ? *1*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**2.** In 1987, why did India send the 'Indian Peace Keeping Force' (IPKF) to Sri Lanka ? *1*

**3.** The privatization of agriculture in China led to *1*

(A) retardation of growth in rural industry.

(B) lowering the personal savings.

(C) a remarkable rise in rural incomes.

(D) a phenomenal rise in foreign trade.

**4.** In the context of the world economy, cite any two examples of public goods. $2\times\frac{1}{2}=1$

**5.** Identify the country that was neither a member of NATO nor of the Warsaw Pact. *1*

(A) France

(B) Poland

(C) Sweden

(D) Spain

**6.** Complete the following sentence in a meaningful way :

"In eastern Europe, Czechoslovakia split peacefully into two independent countries called ____________ and ____________. $2\times\frac{1}{2}=1$

**7.** Why is 'Warsaw Pact' also called the 'Eastern Alliance' ? *1*

**8.** Besides economic and technological power, which other power is very important to maintain Balance of Power ? *1*

**9.** In February 1967, results of the general elections to the Lok Sabha and the State Assemblies jolted the Congress Party. Analyse the major factor responsible for the above setback called the 'Political Earthquake'. *1*

**10.** Highlight the main objective of the '20 Year Treaty of Peace and Friendship' signed between India and the Soviet Union in August 1971. *1*

**11.** The paramilitary force of which Princely State of India was known as Razakars ? *1*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**12.** एक उदाहरण की सहायता से दर्शाइए कि जवाहरलाल नेहरू ने एशियाई एकता के लिए प्रयास किए । *1*

**13.** स्वतंत्रता के बाद, हमारे नेता भाषायी आधार पर राज्यों को पुनर्गठित करने को तैयार क्यों नहीं थे, जबकि काँग्रेस द्वारा यह निर्णय पहले ही लिया जा चुका था कि राज्यों का पुनर्गठन भाषा के आधार पर ही होगा ? *1*

**14.** वैश्वीकरण से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ? *1*

(A) इससे देशों के बीच शत्रुता में कमी आई है ।

(B) इससे संयुक्त राष्ट्र का महत्त्व कम हुआ है ।

(C) इससे उपभोक्ताओं के लिए चयन के विकल्प बढ़े हैं ।

(D) इससे घातक बीमारियों के प्रसार में कमी आई है ।

**15.** कौन-से देशों को 'तीसरी दुनिया' कहा जाता है ? *1*

**16.** 1971 के लोक सभा चुनावों के पश्चात् किस अंतर्राष्ट्रीय घटना ने इंदिरा गाँधी की लोकप्रियता में वृद्धि की ? *1*

**17.** रिक्त स्थानों को भरिए ताकि निम्नलिखित वाक्य सही और अर्थपूर्ण बन जाए :

1989 के लोक सभा चुनावों में __________ पार्टी को पराजय का मुँह देखना पड़ा और इसके साथ ही भारत में ___________ सरकारों का युग शुरू हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'ताड़ी-विरोधी आंदोलन' के सन्दर्भ में सत्य ***नहीं*** है ? *1*

(A) यह आंदोलन ताड़ी पीने (शराबखोरी) के विरुद्ध था ।

(B) यह आंदोलन घरेलू हिंसा के विरुद्ध था ।

(C) यह आंदोलन भूमिहीन निर्धन किसानों के लिए न्याय पाने के लिए था ।

(D) यह आंदोलन लैंगिक समानता पाने के लिए था ।

**19.** निम्नलिखित कथन को सही करके दुबारा लिखिए :

" 'नक्सलवादी आंदोलन' के समर्थकों द्वारा निर्धन तथा भूमिहीनों से भूमि छीनकर, धनी भूस्वामियों को भूमि देने के लिए, बल का प्रयोग किया गया ।" *1*

**20.** "1975 में लागू आपातकाल के दौरान ज़्यादतियाँ की गईं थीं ।" इस कथन की पुष्टि हेतु इस प्रकार की ज़्यादतियों के कोई दो उदाहरण लिखिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$



collegedunia
India's largest Student Review Platform

12. Show with the help of one example that Jawaharlal Nehru made efforts for Asian unity. *1*

13. After independence, why were our leaders not ready to reorganise States on the basis of language in spite of the fact that Congress had already recognised the linguistic principle as the basis of formation of States ? *1*

14. Which one of the following statements related to globalisation is true ? *1*

    (A) It has reduced the rivalry between countries.

    (B) It has reduced the importance of the United Nations.

    (C) It has enhanced the choices for consumers.

    (D) It has reduced the spread of deadly diseases.

15. Which countries are known as the 'Third World' ? *1*

16. Soon after the Lok Sabha elections of 1971, which international event added to the popularity of Indira Gandhi ? *1*

17. Fill in the blanks to make it a correct and meaningful statement. Lok Sabha elections in 1989 led to the defeat of __________ Party and an era of __________ Governments began in India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

18. Which one of the following statements is ***not*** true for 'Anti-Arrack Movement' ? *1*

    (A) It was a movement against alcoholism.

    (B) It was a movement against domestic violence.

    (C) It was a movement to get justice for poor landless farmers.

    (D) It was a movement for gender equality.

19. Correct the following statement and rewrite it :

    "The supporters of the 'Naxalite Movement' used force to snatch land from the poor and the landless to give it to the rich land owners." *1*

20. "Excesses were made during the Emergency imposed in 1975." Support the statement with any two examples of such excesses. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड ख

**21.** सोवियत प्रणाली की किन्हीं दो विशेषताओं को उजागर कीजिए जो इसे एक समाज कल्याण प्रणाली बनाती थीं ? *2×1=2*

**22.** स्तंभ A में दिए गए निम्नलिखित तथ्यों का स्तंभ B में दिए गए तथ्यों से सही मिलान कीजिए : $4\times\frac{1}{2}=2$

| *स्तंभ A* | | *स्तंभ B* | |
|---|---|---|---|
| (a) | महासभा | (i) | वीटो शक्ति |
| (b) | सुरक्षा परिषद | (ii) | एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन |
| (c) | यूनिसेफ (यू.एन.आई.सी.ई.एफ.) | (iii) | संयुक्त राष्ट्र का एक अंग |
| (d) | लीग ऑफ नेशन्स | (iv) | संयुक्त राष्ट्र की एक एजेन्सी |

**23.** 1969 में काँग्रेस पार्टी में विभाजन के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारकों का वर्णन कीजिए । *2×1=2*

## खण्ड ग

**24.** क्षेत्रीय विकास के एक हथियार के रूप में 'आसियान शैली' की किन्हीं दो शक्तियों का वर्णन कीजिए । *2×2=4*

**अथवा**

आपसी सहयोग और विकास के संगठन के रूप में यूरोपीय संघ की किन्हीं दो शक्तियों का वर्णन कीजिए । *2×2=4*

**25.** प्रथम पंचवर्षीय योजना के किन्हीं दो परिणामों की व्याख्या कीजिए । *2×2=4*

**26.** 1962 से पूर्व भारत और चीन के बीच विवाद के किन्हीं दो मुद्दों का विश्लेषण कीजिए । *2×2=4*

**27.** 1985 में राजीव गाँधी और हरचन्द सिंह लोंगोवाल द्वारा हस्ताक्षरित पंजाब समझौते के किन्हीं चार प्रावधानों का विश्लेषण कीजिए । *4×1=4*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## SECTION B

**21.** Highlight any two features of the Soviet System which made it a social welfare system. *2×1=2*

**22.** Match the following facts under Column A with those in Column B in a meaningful way : $4\times\frac{1}{2}=2$

| | *Column A* | | *Column B* |
|---|---|---|---|
| (a) | General Assembly | (i) | Veto Power |
| (b) | Security Council | (ii) | An international organisation |
| (c) | UNICEF | (iii) | An organ of the United Nations |
| (d) | League of Nations | (iv) | An agency of the United Nations |

**23.** Describe any two factors responsible for the split in the Congress Party in 1969. *2×1=2*

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## SECTION C

**24.** Describe any two strengths of 'ASEAN Way' as an instrument of development in the region. *2×2=4*

**OR**

Describe any two strengths of the European Union as an organisation of mutual cooperation and development. *2×2=4*

**25.** Explain any two outcomes of the First Five Year Plan. *2×2=4*

**26.** Analyse any two issues of conflict between India and China before 1962. *2×2=4*

**27.** Analyse any four provisions of the Punjab Accord signed by Rajiv Gandhi and Harchand Singh Longowal in 1985. *4×1=4*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड घ

**28.** नीचे दिए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मानवता की रक्षा का विचार जनता-जनार्दन की सुरक्षा को राज्यों की सुरक्षा से बढ़कर मानता है । मानवता की सुरक्षा और राज्य की सुरक्षा एक-दूसरे के पूरक होने चाहिएँ और अक्सर होते भी हैं । लेकिन सुरक्षित राज्य का मतलब हमेशा सुरक्षित जनता नहीं होता । नागरिकों को विदेशी हमले से बचाना भले ही उनकी सुरक्षा की ज़रूरी शर्त हो लेकिन इतने भर को पर्याप्त नहीं माना जा सकता । सच्चाई यह है कि पिछले 100 वर्षों में जितने लोग विदेशी सेना के हाथों मारे गए हैं, उससे कहीं ज़्यादा लोग खुद अपनी ही सरकारों के हाथों मारे गए हैं ।

(a) मानवता की सुरक्षा का प्राथमिक लक्ष्य क्या है ?

(b) एक उदाहरण की सहायता से दर्शाइए कि किसी देश में 'कानून व्यवस्था' की समस्या मानव सुरक्षा के लिए ख़तरा बन सकती है ।

(c) राज्यों की सुरक्षा से मानवता की सुरक्षा क्यों अधिक महत्त्वपूर्ण है ? *1+2+2=5*

**29.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारतीय संविधान के निर्माताओं को विश्वास था कि सभी राजनीतिक दल लोकतान्त्रिक मानकों का पालन करेंगे । उन्हें यह भी विश्वास था कि आपातकाल की स्थिति में भी सरकार अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल विधि के शासन के दायरे में रहते हुए ही करेगी । इसी उम्मीद में सरकार को आपातकाल से जुड़े प्रावधानों के अंतर्गत व्यापक और चहुँमुखी शक्तियाँ दे दी गईं ।

(a) भारत के संविधान निर्माताओं के संगठन को किस नाम से जाना जाता था ?

(b) ऐसे किन्हीं दो लोकतांत्रिक मानकों की व्याख्या कीजिए जिनका पालन भारत के सभी राजनीतिक दलों को करना चाहिए ।

(c) आपातकाल में भारतीय सरकार को दी गई किन्हीं दो असाधारण शक्तियों को उजागर कीजिए । *1+2+2=5*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## SECTION D

**28.** Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Human security is about the protection of people more than the protection of States. Human security and State security should be — and often are — the same thing. But secure States do not automatically mean secure peoples. Protecting citizens from foreign attack may be a necessary condition for the security of individuals, but it is certainly not a sufficient one. Indeed, during the last 100 years, more people have been killed by their own governments than by foreign armies.

(a) What is the primary goal of human security ?

(b) Show with the help of an example that the 'law and order' problem in a country may become a threat to Human Security.

(c) Why is it more important to protect people than to protect States ? *1+2+2=5*

**29.** Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The makers of India's Constitution trusted that all political parties would basically abide by the democratic norms. Even during the Emergency, when the government would use extraordinary powers, its use would be within the norms of the rule of law. This expectation led to the wide and open-ended powers given to the government in times of Emergency.

(a) By what name was the body of India's Constitution-makers known as ?


(b) Explain any two democratic norms which all political parties of India should abide by.

(c) Highlight any two extraordinary powers given to the Indian Government during Emergency. *1+2+2=5*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**30.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




(i) कार्टून में दर्शाए गए 'टाई लगाए मुशर्रफ़' और 'यूनिफॉर्म पहने मुशर्रफ़' द्वारा पाकिस्तान के कौन-से दो सरकारी पदों को दर्शाया गया है ?

(ii) पाकिस्तान के संदर्भ में दूसरे समीकरण का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(iii) इस कार्टून द्वारा पाकिस्तान की राजनीति के संबंध में दिए गए संदेश को स्पष्ट कीजिए । *1+2+2=5*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं ।*

(30.1) पाकिस्तान के किन्हीं दो निर्वाचित प्रधान मंत्रियों के नाम लिखिए ।


(30.2) स्थायी लोकतंत्र स्थापित करने में पाकिस्तान की असफलता के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए ।

(30.3) 1971 में पूर्वी पाकिस्तान के पाकिस्तान से अलग होने के लिए उत्तरदायी कोई दो कारक स्पष्ट कीजिए । *1+2+2=5*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**30.** Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow :




(i) As shown in the cartoon, 'Musharraf in tie' and 'Musharraf in cap' represent which two official posts in Pakistan ?

(ii) Explain the meaning of the second equation in the context of Pakistan.

(iii) Explain the message conveyed by this cartoon regarding the politics in Pakistan. *1+2+2=5*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 30.*

(30.1) Name any two elected Prime Ministers of Pakistan.

(30.2) Explain any two reasons for Pakistan's failure to build a stable democracy.

(30.3) Explain any two factors responsible for East Pakistan's break away from Pakistan in 1971. *1+2+2=5*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**31.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर) में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ के द्वारा अंकित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में संबन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) वह राज्य जहाँ सरदार सरोवर परियोजना स्थित है ।

(ii) वह राज्य जिसे 1961 में पुर्तगाल के कब्ज़े से मुक्त करवाया गया था ।

(iii) वह राज्य जहाँ चिपको आंदोलन प्रारम्भ हुआ ।


(iv) वह राज्य जो राजीव गाँधी – लोंगोवाल समझौते से जुड़ा हुआ है ।

(v) वह राज्य जो ताड़ी-विरोधी आंदोलन से सम्बद्ध है । *5×1=5*



collegedunia India's largest Student Review Platform

प्रश्न सं. 31 के लिए




collegedunia.com
India's largest Student Review Platform



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**31.** In the given political outline map of **India** (on page 17), five States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify these States on the basis of information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format :

| Sr. No. of the information used | Concerned alphabet in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State where Sardar Sarovar Project is situated.

(ii) The State which was liberated from the occupancy of Portugal in 1961.


(iii) The State where Chipko Movement started.

(iv) The State associated with Rajiv Gandhi – Longowal Accord.

(v) The State associated with the 'Anti-Arrack Movement'. *5×1=5*


collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

For question no. 31






collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 31 के स्थान पर हैं ।*

(31.1) नागालैण्ड के अलगाववादी नेता का नाम लिखिए ।

(31.2) 1963 में किस राज्य का गठन किया गया था ?

(31.3) नर्मदा सागर परियोजना किस राज्य से संबंधित है ?

(31.4) राजीव गाँधी की हत्या किस राज्य में हुई थी ?

(31.5) 'सूचना का अधिकार' संबंधी आंदोलन किस राज्य से शुरू हुआ था ? *5×1=5*

## खण्ड ङ

**32.** विश्व की राजनीति को पर्यावरण सम्बन्धी चिंताओं के बारे में सोचने के लिए विवश करने वाले किन्हीं चार मुद्दों का वर्णन कीजिए । $4\times1\frac{1}{2}=6$

**अथवा**

भारत पर वैश्वीकरण के हुए किन्हीं चार प्रभावों का वर्णन कीजिए । $4\times1\frac{1}{2}=6$

**33.** "दो ध्रुवीय विश्व की समाप्ति के बाद, भारत की गुट-निरपेक्षता की नीति पहले जैसी प्रासंगिक और प्रभावकारी नहीं रही ।" इस कथन के पक्ष में कोई तीन उपयुक्त तर्क लिखिए । *3×2=6*

**अथवा**

आपके विचार में पहले से उठाए गए कौन-से तीन कदम, सोवियत संघ को 1991 में विघटन से बचा सकते थे ? *3×2=6*

**34.** भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् विकास के सम्बन्ध में उपजे किन्हीं दो मुख्य विवादों की व्याख्या कीजिए । *2×3=6*

**अथवा**

1947 में हुए भारत के विभाजन के किन्हीं छः परिणामों की व्याख्या कीजिए । *6×1=6*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 31.*

(31.1) Name the separatist leader of Nagaland.

(31.2) Which State was created in 1963 ?

(31.3) The Narmada Sagar Project is located in which State ?

(31.4) In which State was Rajiv Gandhi assassinated ?

(31.5) From which State was the Movement of Right to Information started ? *5×1=5*

## SECTION E

**32.** Describe any four issues that compelled global politics to think about environmental concerns. $4\times1\frac{1}{2}=6$

**OR**

Describe any four effects of Globalisation on India. $4\times1\frac{1}{2}=6$

**33.** "With the end of the bipolar world, the Non-alignment policy of India lost its earlier relevance and effectiveness." Support the statement with any three arguments. *3×2=6*

**OR**

In your opinion, which three steps if taken earlier could have saved the USSR from disintegration in 1991 ? *3×2=6*

**34.** Explain any two key controversies related to the development in India after Independence. *2×3=6*

**OR**

Explain any six consequences of the partition of India in 1947. *6×1=6*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform